# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 24.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 24.01.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/ब्रिकी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी गल्ला मण्डी उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त सहादेव पुत्र छकी रैदास निवासी गोकुलपुरी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली कर्वी में 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किये गये।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. चौकी प्रभारी गल्ला मण्डी उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह
2.आरक्षी शिवपूजन यादव

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद के पर्यवेक्षण में थाना मऊ पुलिस टीम ने दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
उल्लेखनीय है कि 11.01.2025 को थाना मऊ अन्तर्गत ग्राम निवासी वादिया द्वारा थाना मऊ पर सूचना दी कि बब्लू गुप्ता पुत्र शिवदास गुप्ता द्वारा मेरे साथ दुष्कर्म करना तथा शिकायत करने पर गाली गलौज,जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर व जान से मारने की धमकी देना। इस सूचना पर थाना मऊ में मु0अ0सं0 08/2024 धारा 376,504,323 भादवि0 व 3(2)5 एससीएसटी एक्ट पंजीकृत किया गया। आज दिनाँक 22.01.2025 को उ0नि0 श्री ओमप्रकाश सिंह थाना रैपुरा व उनकी टीम ने वाँछित अभियुक्त दिनेश उर्फ कुच्ची को गिरफ्तार किया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री ओमप्रकाश सिंह थाना मऊ
2.आरक्षी शुभम त्रिपाठी
3.आरक्षी प्रवीण पाण्डेय

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतू चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकमल के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त संजय उपाध्याय पुत्र स्व0 शिवशरण उपाध्याय निवासी कपना इटौरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 01 किलो 100 ग्राम सूखा अवैध गांजा अभियुक्त के साथ गिरफ्तार किया।

**बरामदगीः-**

01 किलो 100 ग्राम सूखा अवैध गांजा

**गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-**

1.उ0नि0 श्री इन्द्रजीत गौतम कोतवाली कर्वी
2.उ0नि0 श्री अनिल मिश्रा
3.मुख्य आरक्षी शशि कुमार
4.आरक्षी चालक नीतु द्विवेदी
5.आरक्षी बहोरन सिंह
6.आरक्षी राहुल देव

**(6).** आज दिनांक 24.01.2025 को पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस फाईनल रिहर्सल परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड की फर्स्ट कमाण्ड क्षेत्राधिकारी लाईन्स श्री राज कमल, सेकेण्ड कमाण्ड निरीक्षक श्री लाखन सिंह पुलिस लाईन्स तथा थर्ड कमाण्ड उ0नि0 श्री राम सिंह रहे। परेड द्वारा शानदार हर्ष फायरिंग के बाद मार्च पास्ट की कार्यवाही की गयी। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गयी। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा परेड मे भाग लेने वाले जवानों की मेहनत व लगन की तारीफ करते हुए गणतंत्र दिवस पर पुरे जोश व जज्बे के साथ भव्य परेड प्रदर्शन करने के लिये किया गया प्रेरित।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जय करन सिंह,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद ,प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, प्रभारी सोशल मीडिया/साइबर सेल श्री निशिकांत राय एवं अन्य अधि0/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**(7).** आज दिनाँक 24.01.025 को आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री अजीत कुमार की अध्यक्षता में पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी०एन० व पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मौनी अमावस्या एवं महाकुंभ मेले की तैयारी के संबंध में बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई।बैठक में गत बैठक की कार्य वृतियों पर चर्चा हुई आयुक्त महोदय ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि मेले में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराए, जिस पर अधिशासी अधिकारी कर्वी ने बताया कि पूरा मेल को 5 जोन में बांटा गया है जिसमें सफाई की प्रक्रिया होगी उन्होंने कहा कि जनरेटर भी लगवाए जो सही से मैनेजमेंट भी होनी चाहिए, अधिशासी अधिकारी ने कहा कि कंट्रोल रूम सक्रिय रहेगा पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई है मडलाआयुक्त ने कहा की परिक्रमा मार्ग में रैम्प की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए फिसलन नहीं होनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि खोया पाया के तीन केंद्र सहित 20 चेंजिंग रूम बनाए गए हैं एवं मोबाइल टॉयलेट की भी व्यवस्था की गई है। मंडलाआयुक्त ने कहा कि पशु सड़क व परिक्रमा मार्ग पर छुट्टा नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी व उप जिलाधिकारी संयुक्त विजिट करें। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अलाव पानी की व्यवस्था की गई है उन्होंने कहा कि जहां पर आप लोग प्रोग्राम करें वहां पर सार्ट सर्किट से आग लगे न पाए वहा पर फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था रहनी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मेडिकल के 7 थाने, रेलवे, होर्डिंग एरिया में एवं कंट्रोल रूम के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में दवाई भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया कि बैरिकेडिंग के साथ-साथ प्रशिक्षित गोताखोर रहना चाहिए उन्होंने कहा कि सीढिओ की साफ सफाई भी रहनी चाहिए। उन्होंने सभी उप जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने होर्डिंग एरिया में मोबाइल टॉयलेट अलाव पानी सफाई की व्यवस्था संबंधित उप जिला अधिकारी अधिशासी अधिकारी से कोऑर्डिनेटर कर स्वयं अलर्ट रहेंगे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि पंचायत भवन जो आंन रोड बनाए गए हैं उनमें लाइट प्रकाश साफ सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए अगर कोई गरीब असहाय भी आते हैं तो उनको कंबल जिलाधिकारी से क्वार्डिनेट कर वितरण करें। आरटीओ को उन्होंने निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्ग व रामघाट पर जो कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं उसे तत्काल पूर्ण कराए एवं जो अवशेष रह गए हैं वहां से मालवा हटाकर साफ सफाई कराए कोई भी दुर्घटना न होने पाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया की तार व केविल की जांच करें कोई भी तार लटकता नहीं होने चाहिए कहा कि कंट्रोल रूम भी स्थापित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निर्देशित किया कि शिवरामपुर कर्वी स्टेशनों पर टैंकरों के माध्यम से भी पानी की व्यवस्था करे। एआरटीओ यातायात को उन्होंने निर्देशित किया कि कभी-कभी चार पहिया की एक लाइट ठीक नहीं होती है एक सही होती है इससे दुर्घटना होती है यह नहीं होनी चाहिए, कहा कि ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए उन्होंने कहा की भीड़

भाड़ को देखते हुए डायवर्सज भी सुनिश्चित करें। उन्होंने खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि समय-समय पर वाहनों को रोक लगाए एवं मीटिंग कर नोटिस भी दे। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि समय-समय पर छापा मार कर सैम्पलिग कराए। मंडलआयुक्त ने कहा की कोई भी घटना नहीं होनी चाहिए अफवाहों से बचे एवं जो दिशा निर्देश संबंधित को दिया जाए उसका पालन करें कहा कि सभी संबंधित विभाग कोऑर्डिनेटर कर व मैनेजमेंट के साथ मेले को सकुशल संपन्न कराए, उन्होंने सभी उप जिला अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट रहेंगे।

पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बादा श्री अजय कुमार सिंह ने मौनी अमावस्या व महाकुंभ मेले को देखते हुए कहा कि अभी तक यहां पर होने वाले मेले को सभी लोगों ने कराया अब मौनी अमावस्या के साथ महाकुंभ की सफल करना है यह परीक्षा की घड़ी है कहा कि मध्य प्रदेश व बुंदेलखंड के जो लोग महाकुंभ में जाएंगे वे लोग चित्रकूट भी आ सकते हैं अमावस्या के दिन भीड़ होगी लोकल लोग भी स्नान के बाद परिक्रमा करेंगे कहा कि महाकुंभ स्नान के एक दिन बाद वाराणसी अयोध्या व चित्रकूट आ सकते हैं उनके लिए रामघाट व दर्शन परिक्रमा करेंगे उन्हें भी सभी संबंधित विभागों द्वारा करना है। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि रोड़ों पर साईनेज ब्लिंकर बोर्ड चिन्हित स्थलों पर लगाए कहा कि कोहरे जैसे मौसम की खराब स्थिति में काम आता है। उन्होंने कहा की मजार मस्जिद पर भी फोर्स लगे व संवाद भी करें। खुले में बकरा व मुर्गे की दुकान नहीं रहनी चाहिए उनको पर्दे के अंदर रखें होर्डिंग एरिया में फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था होनी चाहिए कोई भी एक्सीडेंट नहीं होनी चाहिए पहले जो सेक्टर मजिस्ट्रेट ,जोनल मजिस्ट्रेट लगे हैं उनकी ड्यूटी लगे एवं रोडो पर जिग जैक बैरियर का भी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि पार्किग स्थलों पर रेट बोर्ड भी लगे ट्रैफिक पुलिस सतर्क रहेंगे किसी भी स्थिति में डायवर्सन करें उन्होंने कहा कि सिविल रूप में पुलिस की व्यवस्था होनी चाहिए कहां की जलेबी वाली गली में खाद्य पदार्थ की दुकानों पर जो गैस सिलेंडर दिया जाता है उन्हीं का उपयोग करें अन्य सिलेंडर वहां पर न रखें।

पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जो पोस्ट बनाए गए हैं वहां पर सीसीटीवी कैमरे एवं ड्युटिया भी लगाई गई है सात यूपी 112 फिक्स्ड स्थलों पर लगाई गई है रेलवे स्टेशन भरतपुर श्रीरामपुर कर्वी में आने जाने की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन ने मंडलाआयुक्त पुलिस महानिरीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो आज निर्देश दिया गया है उसका अक्षरसह पालन किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चंद्र निगम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री इंद्र नारायण सिंह एवं सभी उप जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**(8).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी मण्डी समिति उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त (1). प्रेम सिंह पटेल पुत्र जागेश्वर पटेल निवासी बनकट थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट (2).चन्द्रभान पटेल पुत्र रामअवतार पटेल निवासी इटरौल थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट (3). रमाशंकर शर्मा पुत्र हरिश्चन्द्र नाई निवासी पलहरा थाना धाता जनपद फतेहपुर को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 1600/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 450/- रुपये बरामद हुआ। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**<u>बरामदगी-</u>**

1.मालफड़ 1600/- रुपये

2.जामा तलाशी से 450/- रुपये

3. 52 अदद ताश के पत्ते

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री श्याम देव सिंह चौकी प्रभारी मण्डी समिति

2.आरक्षी राहुल देव

3.आरक्षी नीतू द्विवेदी

**(9).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अबरार द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री पीयूष कुमार यादव द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश सिविल जज (सी0डि0) श्री सचिन दीक्षित द्वारा आज दिनांक 24.01.2025 को थाना पहाड़ी में पंजीकृत मु0अ0सं0 11/2019 धारा 60 आबकारी अधिनियम के आरोपी अभियुक्त लल्लन पुत्र सरजो निवासी अशोह थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 2000/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

**(10).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अशोक बाबू द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री पीयूष कुमार यादव द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश सिविल जज (सी0डि0) श्री सचिन दीक्षित द्वारा आज दिनांक 24.01.2025 को थाना कोतवली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 3366/2011 धारा 344 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त 1.दशरथ पुत्र रजवा कुशवाहा 2.मइयादीन पुत्र लक्ष्मण कुशवाहा निवासीगण सब्जी मण्डी कस्बा सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 1000-1000 रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।